

# श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली

## शिक्षण अधिगम केन्द्र

## पंडित मदन मोहन मालवीय राष्ट्रीय शिक्षक एवं शिक्षण योजना

### शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार

### चरण-V, कार्यक्रम सं. - 06

### एक साप्ताहिक ऑनलाइन राष्ट्रीय

### संकाय विकास कार्यक्रम

# गूगल टूल्स प्रयोग एवं अनुप्रयोग

**दिनांक 09 से 13 अगस्त, 2021 (सोमवार-शुक्रवार)**

## परिचयः

श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय (केन्द्रीय विश्वविद्यालय), नई दिल्ली के शिक्षण अधिगम केन्द्र की स्थापना **शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार** की **पंडित मदन मोहन मालवीय राष्ट्रीय शिक्षक एवं शिक्षण योजना** (PMMMNMTT) के पाठ्यचर्या एवं शिक्षणशास्त्र हेतु उत्कृष्टता केन्द्र के घटक के अन्तर्गत हुई है। यह योजना शिक्षा के सभी स्तरों में गुणात्मक सुधार करने के उद्देश्य से शुरू की गई थी। इस केन्द्र का मुख्य उद्देश्य भाषा शिक्षा विशेषकर संस्कृत से जुड़े अध्यापक एवं अध्यापक शिक्षको में शिक्षण एवं अधिगम प्रणालियों के अभिकल्पन, विकास, क्रियान्वयन एवं मूल्यांकन हेतु कौशल एवं कुशलताओं का विकास करना है। **भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा केंद्र को उच्च शिक्षा के नवनियुक्त अध्यापकों हेतु एक मासिक अनिवार्य संकाय अनुबोधन कार्यक्रम (FIP) के संचालन हेतु जारी 30 नये केन्द्रों की सूची में चिह्नित किया गया तथा उसे संस्कृत विषय में SWAYAM मंच के माध्यम से Annual Refresher Program in Teaching (ARPIT – 2018, 2019 व 2020 कोर्स) के निर्माण हेतु राष्ट्रीय संसाधन केन्द्र (NRC) के रूप में भी अधिसूचित किया गया। इसके साथ केन्द्र द्वारा उच्च प्राथमिक स्तर एवं माध्यमिक स्तर पर संस्कृत शिक्षण हेतु दो संदर्शिकाओ का प्रकाशन किया गया है। अभी तक केन्द्र द्वारा 39 कार्यक्रम एवं 3 संकाय अनुबोधन कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया जा चुका है। पंचम चरण के सभी कार्यक्रमों का संचालन माननीय कुलपति महोदय के संरक्षण में किया जायेगा।**

## सन्दर्भः

वर्तमान शैक्षिक परिदृश्य में द्रुत ज्ञान विस्फोट होने के कारण, प्रौद्योगिकी हमारे दिन-प्रतिदिन जीवन की ही नहीं, अपितु हमारी शिक्षा प्रणालियों की भी अभिन्न अंग बन गयी है। इसके परिणामस्वरूप सभी स्तरों की शैक्षिक प्रक्रियाओं में प्रौद्योगिकी का ज्ञान एवं उसके प्रयोग एवं समन्वयन करने की कुशलता की विकट आवश्यकता उत्पन्न होती है। इस सन्दर्भ में शिक्षकों एवं छात्रों की दक्षता, उत्पादकता एवं प्रभाविता को संवर्द्धित करके गूगल एक महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। सम्प्रेषण, सहयोग, प्रलेखन, भण्डारण, अंतर्क्रियात्मक अधिगम एवं ऑनलाइन शिक्षण हेतु शिक्षा के लिये गूगल एप्स एक सबसे श्रेष्ठ उपकरण माना जाता है। ये वेब-आधारित सन्देश भेजने एवं सहयोगात्मक एप्स है जिन्हें डाउनलोड एवं इनस्टॉल सॉफ्टवेयर्स के बजाय सेवाओं के रूप में प्रदान किया जाता है। 'कभी भी और कही से भी' सूचना एवं ज्ञान अभिगम्यता के तरीकों को इन एप्स द्वारा रूपांतरित करने के कारण इनका ज्ञान एवं प्रयोग करने का कौशल होना आवश्यक बन जाता है। इस पृष्ठभूमि में, एक साप्ताहिक संकाय विकास कार्यशाला का आयोजन गूगल टूल्स का शैक्षिक प्रक्रियाओं में प्रयोग, समन्वयीकरण एवं अनुप्रयोग सम्बंधित ज्ञान एवं कुशलताओं को संवर्द्धित करने के आशय से किया जा रहा है।

## उद्देश्यः

इस कार्यशाला के उद्देश्य है-

- गूगल टूल्स यथा ड्राइव (डॉक्स, शीट, स्लाइड, फॉर्म), कैलेंडर, कीप, मीट, क्लासरूम, पॉडकास्ट आदि के सामान्य कार्यों से परिचित करना।
- अपनी शैक्षिक प्रक्रियाओं में विविध गूगल टूल्स के प्रयोग एवं समन्वयीकरण करने की प्रक्रिया में अन्तर्दृष्टि प्रदान करना।
- विविध गूगल टूल्स के प्रयोग एवं अनुप्रयोग करने के कौशलों एवं कुशलताओं को अभिवृद्ध करना।

## लक्ष्य समूह:

- सभी विषयों के उच्च शिक्षा के शिक्षक लेकिन भाषा एवं परम्परागत विषयों जैसे व्याकरण, वास्तुशास्त्र, दर्शन, साहित्य, धर्मशास्त्र, ज्योतिष आदि के शिक्षकों को प्राथमिकता।
- परम्परागत एवं आधुनिक दोनों विश्वविद्यालयों के अध्यापक शिक्षक।
- केवल संस्कृत विषय के TGT तथा PGT शिक्षक

## पंजीकरण:

इस कार्यशाला के लिये **पंजीकरण शुल्क ₹500/- (अप्रतिदेय)** है। इच्छुक प्रतिभागी इस लिंक https://forms.eduqfix.com/slbsnsuform/home द्वारा **07 अगस्त, 2021 को दोपहर 01 बजे तक** ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। अधिकतम प्रवेश क्षमता तक पंजीकरण पहुँचने की स्थिति में यह लिंक अंतिम तिथि से पहले बंद कर दिया जायेगा। कार्यशाला की **प्रवेश क्षमता 100** है और पंजीकरण **पहले आओ पहले पाओ** के आधार पर प्रदान किया जाएगा।

### सक्रिय प्रतिभाग हेतु अपेक्षित सामग्री : -

1. लैपटॉप/ कैमरा एवं माइक्रोफोन के साथ कंप्यूटर/स्मार्टफ़ोन।
2. **कार्यशाला के समय उत्तम इन्टरनेट कनेक्टिविटी कम से कम 5 जीबी डाटा प्रतिदिन।**

## महत्त्वपूर्ण सूचना

ऑनलाइन प्लेटफार्म: **गूगल मीट**

- ✓ प्रतिभाग हेतु **ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य** है।
- ✓ पंजीकरण प्रपत्र में कृपया अपना **वैध ईमेल एवं Whatsapp नंबर** प्रदान करें क्योंकि कार्यशाला सम्बन्धित सभी सम्प्रेषण इन्हीं के द्वारा किये जाएंगे।
- ✓ इस कार्यशाला में प्रतिभाग/ पूर्णता (निष्पादन आधारित ग्रेड) का **ई-प्रमाणपत्र** प्रदान किया जाएगा।
- ✓ **यूजीसी अधिनियम 2018 के अनुसार इस एफडीपी का ई-सर्टिफिकेट करियर एडवांसमेंट स्कीम (सीएएस) के लिए मान्य होगा। (पद संख्या. 18.0 (ix)).**

**समन्वयक एवं संयोजक** — **प्रो. अमिता पाण्डेय भारद्वाज**, निदेशक

**सह-संयोजक** — **डॉ. पिंकी मलिक एवं डॉ. दिनेश यादव**

**कार्यक्रम सुगमकर्ता** — **श्री सुरेन्द्र नागर, श्री ज्ञान चन्द शर्मा, श्री राकेश काण्डपाल, श्री अक्षत डबराल, एवं श्री सचिन कुमार।**

संरक्षक
**प्रो. रमेश कुमार पाण्डेय**
कुलपति

आयोजक

# शिक्षण अधिगम केन्द्र

**पंडित मदन मोहन मालवीय राष्ट्रीय शिक्षक एवं शिक्षण योजना, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार**

## श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय


(केन्द्रीय विश्वविद्यालय), नैक द्वारा 'ए' ग्रेड प्रदत्त
बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
अन्य जानकारी हेतु-
सम्पर्क सूत्र -9891777666, 9716692396, 8285513959
ई-मेल: tlc@slbsrsv.ac.in वेबसाइट: www.slbsrsv.ac.in